29-12-2021

नीति आयोग का स्वास्थ्य सूचकांक

प्रश्न – निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

1. नीति आयोग के स्वास्थ्य सूचकांक के अनुसार केरल बड़े राज्यों में समग्र स्वास्थ्य प्रदर्शन के मामले में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरा है।
2. नीति आयोग ने यह रिपोर्ट स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ-साथ विश्व बैंक की तकनीकी सहायता से तैयार की है।
3. इस सूचकांक के चौथे दौर में वर्ष 2019-20 की अवधि को संदर्भ वर्ष के रूप में लिया गया।

उपरोक्त में से कौन-से/सा कथन सत्य है –

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर – (D) उपरोक्त सभी

भूमिका – हाल ही में 27 दिसंबर 2021 की नीति आयोग ने अपना चौथा स्वास्थ्य सूचकांक जारी किया।

परीक्षा उपयोगी बिंदु –

- इस सूचकांक के चौथे दौर में वर्ष 2019-20 की अवधि को संदर्भ वर्ष के रूप में लिया गया।
- नीति आयोग ने यह रिपोर्ट स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ-साथ विश्व बैंक की तकनीकि सहायता से तैयार की है।
- नीति आयोग के स्वास्थ्य सूचकांक के अनुसार केरल बड़े राज्यों में समग्र स्वास्थ्य प्रदर्शन के मामले में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरा है। वहीं उत्तरप्रदेश को अंतिम स्थान मिला है।
- तमिलनाडु दूसरे स्थान पर रहा, जबकि तेलंगाना स्वास्थ्य मानकों पर तीसरे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले के रूप में उभरा।
- आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र को पांचवे स्थान पर रखा गया है।
- स्वास्थ्य मानकों पर बिहार दूसरे और मध्यप्रदेश तीसरे सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले है।

डेसमंड टूटू

प्रश्न – निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

1. डेसमंड टूटू ने दक्षिण अफ्रीका में नस्लीय भेदभाव के विरोध के लिए नोबेल शांति पुरस्कार जीता था।
2. डेसमंड टूटू एक दक्षिण अफ्रीका एंग्लिकन बिशप और धर्मशास्त्री थे, उन्हें मानवाधिकार कार्यकर्ता और रंगभेद विरोधी के रूप में उनके काम के लिए जाना जाता है।
3. यह दक्षिण अफ्रीका के पहले ब्लैक एंग्लिकन आर्कबिशप थे।

उपरोक्त में से कौन-से/सा कथन सत्य है –

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर – (D) उपरोक्त सभी

भूमिका – नोबेल शांति पुरस्कार विजेता आर्कबिशप डेसमंड टूटू का 27 दिसंबर 2021 को 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

परीक्षा उपयोगी बिंदु –

- डेसमंड टूटू एक दक्षिण अफ्रीका एंग्लिकरन बिशप और धर्मशास्त्री थे। उन्हें मानवाधिकार कार्यकर्ता और रंगभेद विरोधी के रूप में उनके काम के लिए जाना जाता है।
- नोबेल समिति ने उन्हें 1984 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया, क्योंकि वह दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद की समस्या को हल करने के अभियान में एक एकीकृत नेता थे।
- वह दक्षिण अफ्रीका के पहले ब्लैक एंग्लिकन आर्कबिशप थे।
- वह 1985 से 1986 के बीच जोहान्सबर्ग के बिशप थे। फिर वे केप टाउन के आर्कबिशप बने।
- वर्ष 1997 में उन्हें प्रोस्टेट कैंसर हुआ और उनकी सर्जरी हुई।
- हाल ही में 27 दिसंबर 2021 को 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

टाइफून राय

प्रश्न – निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

1. राय इस वर्ष (2021) आपदा-प्रवण द्वीप समूह से टकराने वाला सबसे शक्तिशाली तुफान है।
2. टाइफून एक तरह चक्रवात है। इसकी उत्पत्ति स्थान के आधार पर इसे तूफान, आंधी या चक्रवात कह सकते है।
3. उष्णकटिबंधीय चक्रवात तीव्र तूफान होते है, जो 119 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति और भारी बारिश के साथ गर्म उष्णकंटिबंधीय महासागरों में उत्पन्न होते है।

उपरोक्त में से कौन-से/सा कथन सत्य है –

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर – (D) उपरोक्त सभी

भूमिका – दिसंबर के मध्य में फिलीपींस के कुछ हिस्सों में टाइफून राय के कारण आधिकारिक तौर पर मौतों की संख्या बढ़कर 388 हो गई है।

परीक्षा उपयोगी बिंदु –

- राय इस वर्ष (2021) आपदा –प्रवण द्वीप समूह से टकराने वाला सबसे शाक्तिशाली तूफान है।
- टाइफून एक तरह का चक्रवात है, इसकी उत्पत्ति स्थान के आधार पर इसे तूफान, आंधी या चक्रवात कह सकते है।
- टाइफून यह तूफान-चीन सागर और प्रशांत महासागर में उष्णकंटिबंधीय चक्रवात तीव्र तूफान होते है, जो 119 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति और भारी भारिश के साथ गर्म उष्णकंटिबंधीय महासागरों में उत्पन्न होते हैं।
- उष्णकटिबंधीय चक्रवात उत्तरी गोलार्द्ध में वामावर्त घूमते है।
- क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केन्द्र (RSMC) टोक्यो – यह टाइफून का नामकरण करता है।

OOOOO